प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

आज़ादी का अमृत महोत्सव

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai-400001 फोन/Phone: 022- 22660502

4 मई 2023

भारतीय रिज़र्व बैंक और अंतर्राष्ट्रीय निपटान बैंक ने जी20 टेकस्प्रिंट 2023 का शुभारंभ किया

भारत की जी20 अध्यक्षता के अंतर्गत, भारतीय रिज़र्व बैंक और अंतर्राष्ट्रीय निपटान बैंक के बीआईएस इनोवेशन हब (बीआईएसआईएच) ने संयुक्त रूप से जी20 टेकस्प्रिंट के चौथे संस्करण का शुभारंभ किया, जो सीमापारीय भुगतान में सुधार के उद्देश्य से अभिनव समाधानों को बढ़ावा देने के लिए एक वैश्विक प्रौद्योगिकी प्रतियोगिता है। भारतीय रिज़र्व बैंक और बीआईएस ने सीमापारीय भुगतान के लिए नवोन्मेषी तकनीकी समाधान को विकसित करने में सहायता के लिए वैश्विक अन्वेषकों को आमंत्रित किया है। यह प्रतियोगिता 04 मई 2023 से 04 जून 2023 तक आवेदन प्रस्तुत करने के लिए विश्व भर के डेवलपर्स के लिए खुली है और यह टेकस्प्रिंट अगस्त / सितंबर 2023 के आसपास समाप्त होगी।

विनियामक अनुपालन (रेगटेक) और पर्यवेक्षण (सुपटेक), हरित और धारणीय वित्त तथा केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्राओं (सीबीडीसी) के क्षेत्रों में टेकस्प्रिंट के पिछले तीन सफल संस्करणों के बाद, 2023 टेकस्प्रिंट भारतीय रिज़र्व बैंक और बीआईएसआईएच द्वारा तैयार किए गए सीमापारीय भुगतान संबंधी तीन समस्या विवरणों पर ध्यान केंद्रित करेगा:

- अवैध वित्त जोखिम को कम करने के लिए एएमएल/सीएफटी/प्रतिबंध के लिए प्रौद्योगिकी समाधान।
- उभरते बाजार और विकासशील अर्थव्यवस्था (ईएमडीई) मुद्राओं में निपटान को सक्षम करने के लिए एफएक्स और चलनिधि प्रौद्योगिकी समाधान।
- बहुपक्षीय सीमापारीय सीबीडीसी प्लेटफॉर्म के लिए प्रौद्योगिकी समाधान।

विस्तृत समस्या विवरण https://techsprint.rbi.org.in/. पर उपलब्ध है।

जब सीमापारीय भुगतान कुशल हो जाते हैं, सीमापारीय आर्थिक संबंध, आर्थिक सहयोग और आर्थिक गतिविधियां आसान, प्रभावी और कुशल हो जाती हैं। वित्तीय अखंडता को संरक्षित करते हुए प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के लिए सीमा-पार और भुगतान प्रणालियों के बीच भुगतान का प्रवाह निर्बाध रूप से होना चाहिए। जी20 सीमापारीय भुगतान कार्यक्रम के महत्वपूर्ण कार्य का प्रयोग करते हुए, टेकस्प्रिंट का उद्देश्य यह प्रदर्शित करना है कि कैसे प्रौद्योगिकी समाधान, अवैध वित्तपोषण जोखिमों को दूर कर सकते हैं, अन्य मुद्राओं में निपटान समाधान प्रदान कर सकते हैं और बहुपक्षीय सीबीडीसी प्लेटफार्मों में अंतर-परिचालनीयता (इंटरओपरैबिलिटी) प्राप्त कर सकते हैं।

प्रतिभागिता कैसे करें

जी20 टेकस्प्रिंट 2023 विश्व भर के डेवलपर्स के लिए खुली है। प्रतिभागी, पंजीकरण और समाधानों को प्रस्तुत करने सहित अन्य चरणों के लिए https://hackolosseum.apixplatform.com/h1/g20techsprint2023 पृष्ठ का उपयोग कर सकते हैं।

चयनित टीमों को छह सप्ताह की अवधि में अपने समाधान विकसित करने के लिए आमंत्रित किया जाएगा और प्रत्येक टीम 8,00,000 रुपये (लगभग 10,000 अमेरिकी डॉलर) के वृत्तिका (स्टीपेंड) के लिए पात्र होगी। चयनित टीमों को अपने विकसित समाधानों को प्रदर्शित करने और राष्ट्रीय प्राधिकारियों एवं आमंत्रित विशेषज्ञों से प्रतिक्रिया प्राप्त करने का अवसर प्राप्त होगा।

विशेषज्ञों का एक स्वतंत्र पैनल, प्रत्येक समस्या विवरण के लिए चयनित समाधानों में से सबसे उत्कृष्ठ समाधान का चयन करेगा, जिसकी घोषणा अगस्त/ सितंबर 2023 में अंतिम कार्यक्रम के दौरान की जाएगी। प्रत्येक समस्या विवरण के विजेताओं को पुरस्कार के रूप में 40,00,000 रुपये (लगभग 50,000 अमेरिकी डॉलर) की राशि दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए प्रतियोगिता पृष्ठ https://hackolosseum.apixplatform.com/h1/g20techsprint2023 देखें।

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2023-2024/184